प्रेस नोट **03/04/2024**

साइबर अपराध से संबंधित आनलाइन ठगी के 89400 रुपये पीड़ित के खाते में कराया गया वापस–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.04.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ की टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए आनलाइन ठगी के शिकार पीडित अभिषेक मधुकर पुत्र रामसरन राम निवासी चांदमारी इमिलिया थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ की कुल 89400 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक प्रयासों के उपरांत उनके खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा प्रफुल्लित मन से मऊ पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। साइबर अपराध किसी भी प्रकार किसी के साथ घटित हो सकता है। जागरुक रहकर ही इस अपराध से बचा जा सकता है। अतः किसी प्रलोभन न आयें तथा अनजान लिंक पर क्लिक तथा किसी को भी ओटीपी इत्यादि अन्य जानकारियां किसी से साझा कदापि न करें, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

बरामदकर्ता टीम– नि0 प्रवीण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सरायलखंसी, निरीक्षक अपराध हरेन्द्र सिंह, क0आ0 नितेश तिवारी, म0का0 शिखा तिवारी थाना सरायलखन्सी आदि शामिल रहे।

02 अवैध तमन्चा व कारतूस (प्रतिबंधित बोर) के साथ 03 शातिर गिरफ्तार–

आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मधुबन पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब आज दिनांक 03.04.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बवाला पुलिया के पास से अभियुक्त अरविन्द विश्वकर्मा पुत्र महेन्द्र विश्वकर्मा निवासी नवादा दुबारी मोड थाना मधुबन मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज तमन्चा 303 बोर (प्रतिबंधित बोर) एक अदद जिन्दा कारतूस 303 बोर बरामद किया गया, दिनांक 02.04.2024 को नहर पुलिया सिसवा के पास से अभियुक्त आशीष यादव पुत्र रामप्रवेश निवासी सिसवा बलुवा थाना मधुबन मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज तमन्चा 303 बोर (प्रतिबंधित बोर), एक अदद जिन्दा कारतूस 303 बोर एवं नाला नहर पुलिया बद्री का पुरा के पास से अभियुक्त गुडडू चौहान पुत्र जयनाथ चौहान निवासी सिसवा बलुवा थाना मधुबन मऊ के कब्जे से 10 अदद 9एमएम जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 67,68,69/2024 धारा 3/7/25 आयुद्ध अधिनियम के अन्र्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. अरविन्द विश्वकर्मा पुत्र महेन्द्र विश्वकर्मा निवासी नवादा दुबारी मोड थाना मधुबन मऊ।
2. आशीष यादव पुत्र रामप्रवेश निवासी सिसवा बलुवा थाना मधुबन मऊ।
3. गुडडू चौहान पुत्र जयनाथ चौहान निवासी सिसवा बलुवा थाना मधुबन मऊ।

बरामदगी–

1. 02 अवैध तमंचा 303 बोर। (प्रतिबन्धित बोर)
2. 10 अवैध कारतूस। (9 एमएम)
3. 02 कारतूस 303 बोर। (प्रतिबन्धित बोर)

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 03.04.2024 पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त।